## शहर में आज

1. वैश्य मोर्चा कोर कमेटी की बैठक, होटल आलोका कचहरी में दोपहर 1 बजे
2. जेसीआई एक्सो की पीसी, मोरहाबादी में 3 बजे
3. कांग्रेस की मेनिफेस्टो कमेटी की बैठक, कांग्रेस भवन में दिन के 10.30 बजे

## ब्रीफ खबरें

### मांगों की पूर्ति नहीं तो 2 से आमरण अनशन

**रांची।** झारखंड यूथ एसोसिएशन के संयोजक इमाम सफी ने कहा कि 21 और 22 सितंबर को आयोजित जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा में फिर एक बार गड़बड़ी की जानकारी मिली है. उन्होंने कहा कि रघुवर सरकार और हेमंत सरकार दोनों सरकार ने पिछले आठ साल में एक परीक्षा पारदर्शी ढंग से लेने में नाकाम रही है. उन्होंने मुख्यमंत्री से परीक्षा रद्द कर, दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है. मांगों की पूर्ति नहीं होने पर 2 अक्टूबर से बापू वाटिका से आमरण अनशन की जाएगी.

### विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दें युवा

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के 55वें स्थापना दिवस पर मंगलवार को कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ. इस दौरान विवि के कुलपति डॉ अजीत सिन्हा ने राष्ट्रीय सेवा योजना का झंडोत्तोलन किया. साथ ही गुब्बारों को उड़ा कर सभी कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित किया. कुलपति ने कहा कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में युवा बहुमूल्य योगदान दें और 2047 का भारत विकसित भारत के रूप में दिखाई पड़े. उन्होंने डॉ ब्रजेश कुमार को राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमों के कुशल संचालन के लिए बधाई एवं धन्यवाद दिया.

### भाजपा सांसद रवि किशन आज पलामू में

**रांची।** भाजपा सांसद रवि किशन बुधवार को पलामू और लातेहार जिले में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।.वे सुबह 9:30 बजे लेस्लीगंज में आयोजित रोड शो में भाग लेंगे. सुबह 11 बजे पांकी स्थिति सिंचाई विभाग मैदान में आयोजित परिवर्तन महासभा को संबोधित करेंगे. लातेहार के हेरहंज में दोपहर एक बजे रोड शो में हिस्सा लेंगे. दोपहर 1:30 बजे बालूमाथ में परिवर्तन महासभा में शामिल होंगे. चंदवा में 4 बजे से रोड शो में हिस्सा लेंगे. सांसद 26 को दोपहर 12 बजे से गुमला के रायडीह के मांझा टोली में परिवर्तन सभा को संबोधित करेंगे. रवि किशन दोपहर 2:30 बजे हजारीबाग जिले के बड़कागांव में आयोजित परिवर्तन महासभा को संबोधित करेंगे.

### मनोज तिवारी की आज दो सभाएं होंगी

**रांची।** भाजपा सांसद मनोज तिवारी बुधवार को को चतरा के प्रतापपुर स्थित हाईस्कूल मैदान में दोपहर तीन बजे से परिवर्तन महासभा को संबोधित करेंगे. तिवारी बोकारो के फुसरो स्थित कारगिल मैदान में शाम पांच बजे से परिवर्तन सभा को संबोधित करेंगे.

### मुरहू में कई ने थामा कांग्रेस का दामन

**रांची/खूंटी।** कांग्रेस के मुरहू प्रखंड अध्यक्ष पौलुस पूर्ति की अध्यक्षता में और जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा की उपस्थिति में कोड़ाकेल पंचायत की इंदिरा आवास कालौनी क्लोनी में मंगलवार को आयोजित कांग्रेस की बैठक में कई लोगों ने कांग्रेस का दामन थामा. प्रखंड अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष ने सभी को कांग्रेस का पट्टा देकर पार्टी में स्वागत किया. रवि मिश्रा ने कहा कि आप सभी कांग्रेस की सदस्यता लें रहे हैं वह काबिले तारीफ है.

भाजपा सरकार करेगी माटी,बेटी और रोटी की रक्षा, लाडली योजना की तर्ज पर बहनों को मिलेगा दोगुना पैसा

# झारखंड में माटी, बेटी और रोटी सुरक्षित नहीं: शिवराज

**खास बातें**
- हेमंत सरकार ने युवाओं को वर्दी के बजाय दिया कफन
- जेएमएम का मतलब जुर्म, मर्डर और माफिया

प्रमुख संवाददाता। रांची



मंगलवार को गोड्डा में परिवर्तन रैली को संबोधित करते केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान.

केंद्रीय मंत्री सह झारखंड बीजेपी के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि झारखंड में गठबंधन की बेईमान सरकार चल रही है. जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी ने पांच सालों में राज्य को तबाह कर दिया है. हेमंत सरकार में न माटी, न बेटी, और न रोटी सुरक्षित हैं. बड़ी संख्या में घुसपैठियों के आने से झारखंड की ज़मीन पर कब्जा हो रहा है. हेमंत सरकार वोटों के लालच में घुसपैठियों को आधार कार्ड और वोटर लिस्ट में नाम दर्ज करवा रही है, हेमंत सरकार का यही असली सच है. वे मंगलवार को गोड्डा के गांधी मैदान में परिवर्तन यात्रा को संबोधित कर रहे थे.

**घट गई आदिवासियों की संख्या :** पहले झारखंड में 44% आदिवासी थे, अब केवल 28% बचे हैं. बांग्लादेशी घुसपैठिए छल-कपट से यहां की बेटियों से शादी कर सत्ता पर काबिज हो रहे हैं. रुबी पहाड़िन जैसी बेटियों को बर्बरता से मारा जा रहा है. भाजपा का संकल्प है कि झारखंड की माटी, बेटी और रोटी की सुरक्षा की जाए. अगर इसी तरह चलता रहा तो 15-20 सालों में झारखंडी अपनी ज़मीन से बेदखल हो जाएंगे.

**परीक्षा के नाम पर बंद कर दिया इंटरनेट :** चौहान ने सरकार की विफलता पर सवाल उठाते हुए कहा कि हेमंत सोरेन ने 5 लाख सरकारी नौकरियों का वादा किया था. लेकिन इस सरकार ने युवाओं को वर्दी के बजाय कफन दिया. परीक्षा के नाम पर इंटरनेट बंद करके पेपर लीक नहीं होने देने का दावा किया, जबकि लीक तो सरकार के दलाल कर रहे थे. भाजपा की सरकार बनते ही खाली पदों को भरने का आदेश दिया जाएगा. कैलेंडर बनाएंगे और पहले महीने की 21 तारीख को यहां के युवाओं को नियुक्ति पत्र देंगे.

**भाजपा की सरकार बनने पर बहनों के खाते में दोगुना पैसा जाएगा :** चुनाव नजदीक आते ही हेमंत सोरेन को 'मंईयां सम्मान योजना' याद आई. उन्होंने 2,000 रुपये चूल्हा खर्च देने का वादा किया था, लेकिन 4 साल 10 महीने बाद भी किसी को कुछ नहीं मिला. भाजपा की सरकार बनने पर बहनों के खाते में दोगुना पैसा जाएगा, और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाएगा, जैसा कि मध्य प्रदेश, ओडिशा और छत्तीसगढ़ में 'लाडली योजना' के तहत किया जा रहा है. भाजपा की सरकार बनने पर ओडिशा की तर्ज पर झारखंड में भी धान खरीदा जाएगा. पीएम मोदी ने हर बहन को लखपति बनाने का संकल्प लिया है और हमारी सरकार बहनों की आमदनी 1 लाख रुपये से ज्यादा करने का लक्ष्य लेकर चल रही है.

**जेएमएम का बताया मतलब :** उन्होंने जेएमएम का मतलब बताते हुए कहा कि 'ज' से जुर्म, 'म' से मर्डर, और 'म' से माफिया. यह सरकार लूट की सरकार है, जहां इनके नेताओं के घर से करोड़ों रुपये बरामद हो रहे हैं. यह पैसा जनता की मेहनत की कमाई का है. अगर इसे बचाना है तो हेमंत सरकार को हटाना होगा. लोगों से अपील करते हुए कहा कि हेमंत सरकार कई लालच दे रही है. इनकी लालच में मत आना. आज भाजपा परिवर्तन यात्रा के माध्यम से झारखंड को बचाने और माटी, बेटी और रोटी की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है. भाजपा झारखंडियों की जिंदगी और तकदीर बदलेगी.

**भाजपा की सरकार बनते ही भरे जाएंगे 2.87 लाख रिक्त पद :** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को बोकारो में आयोजित परिवर्तन सभा को संबोधित करते कहा कि भाजपा की सरकार आने पर 2.87 लाख रिक्त पदों को भरने का निर्णय पहली कैबिनेट में लिया जाएगा. इसके लिए एक कैलेंडर तैयार किया जाएगा ताकि युवाओं को रोजगार का अवसर मिले. संघर्ष का शंख फूंक दिया गया है. ब्राह्मण समाज ने स्वस्तिवाचन किया है और आशीर्वाद दिया है. मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की ओर से वचन देता हूं कि हम झारखंड की तस्वीर और तकदीर बदल देंगे. झारखंड में अन्याय और अपराध की पराकाष्ठा हो चुकी है. हेमंत सरकार ने बोकारो का विकास रोक दिया है। हवाई अड्डे के लिए अड़ंगा लगाया जा रहा है. भाजपा की सरकार बनने के 3 महीने के अंदर यहां का हवाई अड्डा प्रारंभ हो जाएगा.

## बहनों को ठगने का काम कर रही है हेमंत सरकार: अन्नपूर्णा देवी



**रांची।** केंद्रीय मंझी अन्नपूर्णा देवी ने पलामू के छतरपुर में परिवर्तन यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि वादाखिलाफी के खिलाफ परिवर्तन यात्रा चल रही है. यह यात्रा रोटी, माटी, और बेटी को बचाने के लिए है, और हेमंत सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ है. हेमंत सरकार ने मंईयां सम्मान योजना लाकर हमारी बहनों को ठगने का काम किया है. उन्होंने वादा किया था कि सबसे पहले महिलाओं को चूल्हा खर्च देंगे मिला क्या? इस सरकार ने किसी को कुछ नहीं दिया. अब हमारी बहनें आपकी झांसे में नहीं आने वाली हैं.

**परिवार के हित में काम कर रही सरकार :** राज्य की सरकार आदिवासियों के हित में नहीं बल्कि परिवार के हित में काम कर रही है. आदिवासी के बेटे चंपाई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाया गया था, लेकिन जेल से निकलने के बाद हेमंत सोरेन ने एक दिन भी उन्हें सीएम की कुर्सी पर बैठने नहीं दिया. यह कौन-सा आदिवासी प्रेम है? उनके लिए परिवार ही सब कुछ है. हेमंत सरकार ना ही युवाओं के हित में है और ना ही महिलाओं के हित में. राज्य में महिलाओं के प्रति अपराध बढ़ रहे हैं और राज्य की डेमोग्राफी बदल रही है. सीएम के इलाके में महिलाओं के साथ अपराध हुए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई. **ना सहेंगे, ना कहेंगे, बदल कर रहेंगे :** भाजपा की सरकार परिवार के लिए काम करती है. आने वाले समय में विधानसभा में पूरा परिवर्तन करना है. हमें डबल इंजन की सरकार बनानी है.

## आदिवासियों को ठगने का प्रयास कर रही सरकार: मुंडा

**रांची।** कोल्हान प्रमंडल के पोटका में आयोजित परिवर्तन यात्रा में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कहते हैं कि राज्य में आदिवासी की सरकार है। हमेशा आदिवासी समाज रटते रहते हैं. लेकिन सच्चाई तो यह है कि सबसे ज्यादा आदिवासी समाज को ठगने का प्रयास हेमंत की सरकार ही कर रही है. मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि क्या चंपाई दा आदिवासी नहीं थे? क्या वह आसमान से टपक के आये थे? आखिर, क्यों उनसे मुख्यमंत्री की कुर्सी छीनी गयी? यह पूरे आदिवासी समाज का अपमान है. यह सरकार युवाओं के लिए हत्यारी साबित हुई है. 5 लाख युवाओं को रोजगार देने का सपना दिखाकर सरकार ने केवल धोखा दिया. 600 युवाओं की भर्ती के नाम पर 5 लाख युवाओं को दौड़ाया गया, जिससे 17 युवाओं की मौत हो गई.



### झारखंड में घुसपैठियों को हटाने की ताकत सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में: चंपाई सोरेन

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड में बड़ी संख्या में घुसपैठिए प्रवेश कर चुके हैं. इन्हें हटाने की ताकत सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में है. झारखंड की जनता अब परिवर्तन चाहती है, और आने वाले समय में भाजपा की सरकार बनेगी. सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि वर्तमान सरकार ने अपने 5 साल के कार्यकाल में न तो कोई उद्योग स्थापित किया और न ही कोई खनन उद्योग शुरू किया. पांच लाख युवाओं को रोजगार देने का वादा करने वाली सरकार अब घूसखोरी और भ्रष्टाचार में लिप्त है. समय आ गया है कि इस सरकार को बदला जाए.

नए सिरे से तय होगी वरीयता, विभागों से नयी सूची तय करके आपत्ति मांगी जाएगी

## म्यूचुअल ट्रांसफर करा कर बिहार से झारखंड आये कर्मियों पर जूनियर बनने का खतरा

कौशल आनंद। रांची

म्यूचुअल ट्रांसफर करा कर बिहार से झारखंड आये अधिकारी-कर्मचारियों की सेवा पर डिमोशन का खतरा मंडरा रहा है. सरकार अब ऐसे अधिकारियों का नये सिरे से वरीयता का निर्धारण करने जा रही है. सभी विभाग जल्द ही नये सिरे से वरीयता सूची तय करके इस पर आपत्ति मांगेंगे, इसके बाद अंतिम वरीयता सूची का निर्धारण होगा. म्यूचुअल ट्रांसफर करा कर झारखंड आये अधिकारी व कर्मी वरीयता सूची में सबसे निचले पायदान पर कर दिये जायेंगे जिस वजह से अब कई वैसे पदाधिकारी प्रमोशन पाकर उप सचिव या अन्य प्रोन्नत पदों पर काबिज हैं उनका नयी वरीयता सूची जारी होने के बाद उक्त पदों से डिमोशन होना तय माना जा रहा है. दरअसल, सरकार ने झारखंड हाइकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट के द्वारा पारित आदेश के बाद 28 सितंबर 2009 के आदेश को विलोपित करने का फैसला लिया है और गृह विभाग बिहार पटना के द्वारा दिनांक तीन फरवरी 2009 एवं कार्मिक विभाग झारखंड के 19 जुलाई 2009 के द्वारा परिचारित राज्य सरकार के पूर्व के निर्णय को दिनांक 19 जुलाई 2008 के भूतलक्षी प्रभाव से वापस प्रभावी कर दिया है. इस निर्णय का प्रभाव राज्य सरकार के सभी संवर्गो पर पड़ेगा. इस संबंध में कार्मिक सचिव प्रवीण टोप्पो के हस्ताक्षर से आदेश जारी किया गया है और सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, सभी विभागाध्यक्ष, प्रमंडलीय आयुक्त व महाधिवक्ता कार्यालय झारखंड को पत्र लिखा है.

**क्या है मामला :** दरअसल, बिहार पुनर्गठन अधिनियम, 2009 के अधीन अंतिम संवर्ग विभाजन के बाद एकल आधार एवं पारस्परिक आधार पर स्थानांतरण के फलस्वरूप उनकी वरीयता निर्धारण किया जाना था. तत्कालीन बिहार सरकार के गृह विभाग ने तीन फरवरी 2009 और 17 दिसंबर 2009 को पत्र जारी कर यह सूचित किया ककि राज्य पुनर्गठन उच्च स्तरीय समिति की बैठक में वरीयता निर्धारण के बिंदु पर की गयी अनुशंसाओं पर पूर्ण विचार के बाद बिहार सरकार ने यह निर्णय लिया हे कि पारस्परिक सहमति एवं एकल स्थानांतरण के आधार पर किए गये राज्य स्थानांतरण में वरीयता का दावा मान्य नहीं होगा. अर्थात उक्त आधार पर स्थानांतरित कर्मी इस राज्य में अपनी कोटि-संवर्ग में नियुक्ति, पदोनति के वर्ष में कनीयतम हो जायेंगे. कार्मिक विभाग झारखंड ने हालांकि, बाद में 19 जुलाई 2008 को उक्त पत्र को निरस्त किया जिसमें एकल व म्यूचुअल ट्रांसफर करके झारखंड आने वाले कर्मी सबसे कनीय हो जाते. कार्मिक विभाग के द्वारा नियमों को शिथिल करने के बाद पारस्परिक ट्रांसफर से आये कर्मी की वरीयता दूसरे कर्मियों के साथ रह गयी. इसके बाद पूरा मामला झारखंड हाइकोर्ट में गया. सचिवालय सेवा के अधिकारी भी इस पर कोर्ट गये. हाइकोर्ट से सरकार के विरुद्ध आदेश आने के बाद मामला सुप्रीम कोर्ट तक गया. वहां भी हाइकोर्ट के निर्णय को कायम रखा गया. इसके बाद कार्मिक विभाग ने 19 जुलाई 2008 के आदेश को वापस प्रभावी करने का फैसला लिया है. ऐसे में अब ऐसे कर्मियों के कारण नये सिरे वरीयता सूची का निर्धारण होगा जिसमें म्यूचल ट्रांसफर से आये कर्मी सबसे कनीय होंगे. यानी 100 अधिकारियों की कोई वरीयता सूची बनती है तो उसमें वे सबसे नीचे होंगे.

## हटिया विस्थापित समिति ने नगड़ी सीओ को जवाब दिया



संवाददाता। रांची

मंगलवार को हटिया विस्थापित परिवार समिति के बैनर तले अध्यक्ष पंकज शाहदेव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने नगड़ी अंचल के अचंलाधिकारी से मुलाकात की. इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सीओ को जानकारी दी की कुटे में चार परिवार को जारी की गई नोटिस नाजायज है और समिति के द्वारा नोटिस के आलोक में जवाब दिया गया.

इस संदर्भ में प्रतिनिधिमंडल ने सीओ को अवगत कराते हुए कहा कि 2012 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा की सरकार ने एक अध्यादेश लाकर कुटे, लाबेद, तिरिल, आनी और मुड़मा को अतिक्रमणकारी की श्रेणी से बाहर रखा और और साफ रूप से स्पष्ट किया कि ये गांव के लोग अतिक्रमणकारी नहीं बल्कि रैयत हैं. प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट रूप से कहा कि भविष्य में ऐसा कोई कार्य ना करते हुए सभी प्रस्तावित सरकारी गैर सरकारी योजनाओं को रद्द किया जाए, जिससे ग्रामीणों के मन मे भय का वातावरण पैदा ना हो. यदि सरकार अपनी ओर से किसी प्रकार के निर्माण कार्य का प्रयास करेगी तो हटिया विस्थापित परिवार समिति के बैनर तले ग्रामीण जोरदार आंदोलन करेंगे. प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य शशि भूषण भगत, भाजपा नगड़ी के वरिष्ठ नेता केदार महतो, भाजपा नगड़ी के निवर्तमान अध्यक्ष राकेश केसरी, उत्तरी टुण्डुल की मुखिया ममता तिर्की , महावीर मुंडा, संजय लोहार सहित दर्जनों लोग शामिल रहे.

## कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान से समझौता नहीं : केशव महतो कमलेश

**खास बातें**
- कांग्रेस सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं से लेगी शपथपत्र
- कांग्रेस में हमारे सभी कार्यकर्ता ही सर्वोपरि होते हैं

विशेष संवाददाता। रांची



कांग्रेस के संवाद कार्यक्रम में शामिल पार्टी के नेता.

रांची जिला कांग्रेस के द्वारा मंगलवार को संवाद आपके साथ कार्यक्रम सांई बैंक्वेट हॉल, सामलौंग में संपन्न हुआ. जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो ने की.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में एआईसीसी के रांची लोकसभा पर्यवेक्षक विकास उपाध्याय, डॉ. प्रदीप कुमार बलमुचू, प्रदेश कांग्रेस के जिला पर्यवेक्षक सुरेंद्र प्रसाद यादव एवं खिजरी विधायक राजेश कच्छप आदि उपस्थित हुए. इस मौके पर केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का अपना गौरवशाली इतिहास रहा है और आप सभी उसके रीढ़ हैं. उन्होंने कहा कि इस विधानसभा चुनाव में पार्टी नई पहल करते हुए प्रत्याशी को कार्यकर्ताओं के प्रति उत्तरदायी एवं विकास कार्यों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु उनसे शपथ पत्र लेगी. उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी में सर्वोपरि होते हैं इसलिए उनके मान-सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जाएगा.

### बूथ स्तर पर कार्यकर्ता ही चुनाव जिताते हैं : उपाध्याय

सभा को संबोधित करते हुए रांची लोकसभा के पर्यवेक्षक विकास उपाध्याय ने कहा कि बूथ स्तर के कार्यकर्ता ही चुनाव जीताते हैं. अत: सशक्त बुथ कमिटी का निर्माण सुनिश्चित करना होगा. कार्यक्रम को मार्केटिंग बोर्ड अध्यक्ष रवींद्र सिंह आवास बोर्ड अध्यक्ष संजय लाल पासवान, अभिलाष साहू, योगेन्द्र साहु,अजय नाथ शाहदेव,अमूल्य नीरज खलखो, सतीश पॉल मुंजनी, सत्यनारायण सिंह, सुरेश बैठा, अमरेन्द्र सिंह,बेलस तिर्की,सुंदरी तिर्की, सीता लकड़ा आदि ने अपने विचार रखे.

## न्यूज अपडेट

### भोले बाबा की फौज ने मनायी खुशियां



हाईकोर्ट द्वारा पहाड़ी मंदिर ट्रस्ट की पुरानी कमेटी को बहाल रखने के निर्देश के बाद पहाड़ी मंदिर में मंगलवार को देर शाम खुशी मनाते भोले की फौज के सदस्य.

### कमेटी ने अभियंता प्रमुख को किया सम्मानित



**रांची ।** भारतीय एकता कमेटी की ओर से मंगलवार को ग्रामीण कार्य विभाग के अभियंता प्रमुख जय प्रकाश सिंह को बेहतरीन कार्य के लिये फूल माला व बुके देकर सम्मानित किया गया. मौके पर कमेटी अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा, सचिव रामेश्वर राम, महासचिव बुलंद अख्तर, कामता यादव शामिल थे.

**मुलाकात**

वक्फ संशोधन बिल को लेकर मुस्लिम नेता चिराग पासवान से मिले

## बिल पर हमारी पार्टी का स्टैंड मुस्लिमों के साथ है : चिराग

संवाददाता। रांची



केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से मिले मुस्लिम समुदाय के लोग,

वक्फ संशोधन बिल 2024 को वापस लेने की मांग को लेकर मंगलवार को रांची में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से मुस्लिम समुदाय के धर्मगुरु और सामाजिक कार्यकर्ताओं का प्रतिनिधिमंडल लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीरेंद्र प्रधान की अगुवाई में मिला. प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड द्वार प्रेषित मांग पत्र सौपा. प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्री द्वारा लोकसभा में पारित करने के लिए रखे गये वक्फ संशोधन बिल पर आपत्ति जताते हुए जेपीसी को भेजने के लिए किये गए कार्य पर आभार जताते हुए उन्हें बताया कि भारत सरकार द्वारा लाया गया वक्फ संशोधन बिल संविधान की मूल भावना के साथ समानता के अधिकार और धार्मिक स्वतंत्रता के खिलाफ है, वक्फ सम्पत्ति और वक्फ एक्ट को लेकर देश को गुमराह किया जा रहा है, देश में जो वक्फ की जो सम्पति है अधिकतर मुस्लिम पूर्वज द्वारा दान किया गया है जिसमें मस्जिद, मदरसा, ईदगाह, मजार, दरगाह, कब्रिस्तान, मुसाफिरखाना, शैक्षणिक संस्थान आदि है, वर्षो से स्थापित और सरकार व वक्फ बोर्ड द्वारा चिन्हित धार्मिक स्थलों पर बड़े माफियाओं की नजर है. सरकार द्वारा लाये गये संशोधन बिल वक्फ एक्ट, वक्फ बोर्ड और वक्फ ट्रिब्यूनल को कमजोर कर कलेक्टर के हाथों में शाक्ति देता है जो कही से न्याय उचित नहीं है और लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ भी है, इसलिए वक्फ संशोधन बिल 2024 को वापस किया जाना चाहिए. साथ ही वक्फ अधिनियम 1995 के तहत वक्फ सम्पत्ती को कब्जा मुक्त कराकर वक्फ बोर्ड के हवाले करने की प्रयास भारत सरकार को करनी चाहिए.

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि देश में संविधान और न्याय की रक्षा अपने पिता के की तरह करूगा, किसी भी वर्ग समुदाय के साथ अन्याय नहीं हो मेरा प्रयास रहेगा. उन्होंन कहा कि वक्फ संशोधन एक्ट को लेकर हमारे पार्टी का स्टैण्ड मुस्लिम समुदाय के साथ है. प्रतिनिधमंडल में मुस्लिम पर्सनल लाख बोर्ड के प्रो यासिन कासमी, जमीयत उल्लमा हिंद के प्रदेश महासचिव मौलान असगर मिसबाही, मस्जिद जफरिया के मौलान सैयद तहजबुल हसन रिजवी, मजलिस उल्लमा झारखंड के मौलान साबिर हुसैन मजहरी, मदरसा दारूल उलमा रातू के सदर मौलान जियाउल होदा, अल्पसंख्यक मामलो के जानकार एस अली, समाजिक कार्यकर्ता तनवीर अहमद, हसन अंसारी आदि शामिल थे.

## स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के साथ स्वयंसेवी संस्थाएं भी करेगी सहयोग : निदेशक

संवाददाता। रांची

स्वयंसेवी सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि राज्य में आउट ऑफ स्कूल बच्चों को विद्यालय से जोड़ने, शून्य ड्रॉपआउट सुनिश्चित करने और शत प्रतिशत नामांकन कराने में सहयोग प्रदान करेंगे, साथ ही वे स्कूल स्कोर कार्ड, प्रोजेक्ट इम्पैक्ट के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन को भी सुनिश्चित करेंगे. राज्य शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा 24 स्वयंसेवी सहयोगी संस्थाओ के प्रतिनिधियों एवं जिला प्रभाग प्रभारियों के लिए इस संबंध में विशेष संयुक्त प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई. कार्यशाला में राज्य शिक्षा परियोजना के निदेशक आदित्य रंजन मुख्य रूप से शामिल थे. उन्होंने प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि बेहतर शिक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के साथ-साथ स्वयंसेवी सहयोगी संस्थाओं का भी अहम योगदान है.

**बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने में संस्थाएं सहयोग दें :** विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता को उत्कृष्ट बनाने और बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने में संस्थाएं सहयोग दें, उन्होंने संस्थाओं द्वारा समर्थित विद्यालयों में शत-प्रतिशत नामांकन, ट्रांजिशन और शून्य ड्रॉपआउट के लक्ष्यों को प्राप्त करते हुए प्रत्येक माह कम से कम 10 विद्यालयों के लक्ष्य को प्राप्त करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि प्रतिनिधि जिस भी विद्यालय में जाएं वहां के स्कूल स्कोर कार्ड का अनुश्रवण भी करें. उन्होंने राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी एवं राज्य कार्यक्रम कर्मियों को अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में चयनित स्वयंसेवी सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को 3 दिन का विशेष प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया.

**सेतु गाइड से बच्चों को मिलेगी प्रशिक्षण :** इस वर्ष भी चयनित आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम 'सेतु गाइड' का आयोजन किया जायेगा. कार्यक्रम के क्रियान्वयन को लेकर सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों एवं जिला शिक्षा अधीक्षकों को विस्तृत दिशा निर्देश भेज दिया गया है, इसके तहत सेतु गाइड केंद्रों की स्थापना की जायेगी.

# नजदीक आती जा रही दुर्गा पूजा, आकार लेने लगे राजधानी के पूजा पंडाल


बकरी बाजार


चंद्रशेखर आजाद


ओसीसी क्लब

शहर के पूजा पंडाल

## भव्य दरबार में विराजेंगी मां दुर्गा, जगमगाएगा पूजा स्थल


प्रगति प्रतीक क्लब किशोरगंज

संवाददाता ।रांची

प्रगति प्रतीक क्लब दुर्गा पूजा समिति, किशोरगंज का पूजा पंडाल बन कर तैयार है. पश्चिम बंगाल के कारीगर साज-सज्जा के काम को अंतिम रूप देने में जोर-शोर से लगे हैं. यहां काल्पनिक मंदिर के प्रारूप पर आधारित पंडाल की मनोहारी छटा देखते ही बनेगी. खड़गपुर के झंटू दा पुरुलिया से आए पांच सहयोगी कारीगरो संग पंडाल को मूर्त रूप दे रहे हैं. बांस, थरमोकॉल, बीट आदि से सजे-संवरे भव्य दरबार में मां दुर्गा अन्य देवी-देवताओ संग आभा बिखेंगी. झंटू दा ने बताया कि 55 ऊंचा, 50 फीट लंबा और उतना ही चौड़े पंडाल का ढांचा मात्र 15 दिनों में खड़ा कर दिया गया है. साज-सज्जा का काम भी नवरात्र के चतुर्थी तिथि तक हर हाल में पूरा कर दिया जाएगा. शिल्पकार अमित पाल भी मां सहित सभी देवी-देवताओं की प्रतिमा गढ़ चुके हैं. रंग-रोगन का काम चल रहा है. समिति के अध्यक्ष मनीष सिंह और उपाध्यक्ष सुनील दुबे ने बताया कि पंचमी तिथि को आम भक्तों के लिए पट खोल दिए जाएंगे. पूजा स्थल के आस-पास आकर्षक विद्युत सज्जा की जाएगी. सुनील ने बताया कि पूजनोत्सव के दौरान दोनों प्रहर पूजन-आरती के साथ विशेष भोग बांटा जाएगा. वैदिक मंत्रोच्चार और भक्ति गीतों की सुमधुर स्वरलहरियों से वातावरण गुंजायमान रहेगा. दर्शनार्थी विजयदशमी तक यहां पूजनोत्सव का लुफ्त उठा सकेंगे. भक्तों को किसी तरह की परेशानी न हो इसका खास ख्याल रखा जाएगा. इसके लिए समिति के पदाधिकारी और सदस्य मौके पर मौजूद रहेंगे.

**1967 से हो रही पूजा :** सुनील दुबे और राजेश पांडे ने बताया कि यहां 1967 से लगातार पूजनोत्सव का आयोजन किया जा रहा है. शुरुआती दौर में कम बजट की पूजा होती थी, लेकिन समय के साथ कदम ताल करते हुए समिति की पूजा भव्य रूप लेती गयी. वर्ष 2000 के बाद से तो वृहत रूप में दुर्गोत्सव मनाया जा रहा. इस बार की पूजा को और भी खास बनाने की तैयारी है. इसी कारण लगभग 15 लाख रुपये का बजट निर्धारित किया गया है.

**गठित पूजा समिति :** मुख्य संरक्षक भाजपा नेता रमेश सिंह. संरक्षक पत्रकार सानू झा, मुख्य संयोजक नवीन चंचल, राजेश पांडेय, अध्यक्ष मनीष सिंह, उपाध्यक्ष सनील दुबे, सचिव शिवनंदन मिश्र, कोषाध्यक्ष सुरेश सोनी, प्रदीप जालान, अमर सोनी, पियूष दुबे, सुरेंद्र वर्मा, बबलू जायसवाल, गुड्डू दुबे, पप्पू तिवारी, संजय शर्मा, काली शर्मा आदि.

**देते हैं अपना बेस्ट : झंटू**

कारीगर झंटू बताते हैं कि डेकोरेशन का काम वे युवावस्था से ही कर रहे हैं. हर जगह पूरे मनोयोग से काम करते हैं. अपना बेस्ट देने का उनका प्रयास हमेशा से रहता है. प्रगति प्रतीक क्लब में भी मात्र पांच सहयोगियो के साथ स्वयं रात-दिन काम कर रहे हैं. उन्होंने बताया कि काम की कमी नहीं है. पूजा के बाद शादी-विवाह का काम शुरू हो जाएगा, फिर सभी उसमें व्यस्त हो जाएंगे. बढ़ती महंगायी के कारण पूरे साल घर-बार छोड़ काम में जुटे रहना पड़ता है. इस काम से ज्यादा कमाई तो नहीं होती, पर सभी का खर्च निकल जाता है.

## न्यूज अपडेट

### सीसीएल में भाषण एवं नारा प्रतियोगिता का आयोजन



**रांची।** सतर्कता जागरूकता अभियान-2024 के अंतर्गत मंगलवार को केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड में सीसीएल मुख्यालय एवं गांधीनगरअस्पताल द्वारा राष्ट्र की समृद्धि के लिए ईमानदारी की संस्कृति विषय पर भाषण एवं नारा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में कुल 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया. कार्यक्रम के दौरान सतर्कता विभाग, सीसीएल मुख्यालय एवं गांधीनगर अस्पताल के अधिकारीगण मौजूद थे. उन्होंने विद्यार्थियों में ईमानदारी की संस्कृति विकसित करने के महत्व पर प्रकाश डाला. बता दें की सतर्कता जागरुकता अभियान के तहत पूरे सीसीएल में तरह-तरह के कार्यक्रम आयोजित कर सत्य निष्ठा एवं पारदर्शी कार्य संस्कृति को प्रोत्साहित किया जा रहा है.

### नेत्रहीन बालिका विद्यालय में मनाया गया हिंदी पखवाड़ा

**रांची।** मेकॉन लिमिटेड रांची द्वारा 14 से 29 सितंबर तक हिन्दी पखवाड़ा मनाया जा रहा है. इसी कड़ी में मेकॉन ने मंगलवार को ब्रजकिशोर नेत्रहीन बालिका विद्यालय में हिन्दी नाटक और कविता पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया. विद्यालय की दिव्यांग बालिकाओं द्वारा लघु नाटक और कविता पाठ का मंचन किया गया. इस दौरान बालिकाओं ने हिन्दी दिवस के महत्व और महत्वपूर्ण तिथियों से अवगत कराया. मेकॉन द्वारा बालिकाओं को उनकी प्रतिभागिता के लिए स्मृति चिह्न भी प्रदान किया गया. इस अवसर पर मेकॉन लिमिटेड रांची से महाप्रबंधक (लौह निर्माण) एवं प्रभारी राजभाषा विश्वरजीत कुमार, राजभाषा टीम के सदस्य तथा ब्रजकिशोर नेत्रहीन बालिका विद्यालय की समन्वयक निलू वर्मा, शिक्षकगण तथा छात्राएं उपस्थित रहीं.

### श्रीश्याम मंदिर में श्रद्धालुओं ने किया सुंदरकांड पाठ



**रांची।** श्रीश्याम मंदिर, हरमू रोड में मंगलवार को साप्ताहिक 120वां सुंदरकांड और हनुमान चालीसा पाठ किया गया. शाम चार बजे मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजा-अर्चना कर ज्योत जगायी. इसके बाद गणेश वंदना से पाठ प्रारंभ हुआ. मनीष सारस्वत और ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ सस्वर पाठ कर भक्ति की अविरल धारा बहायी. शाम सात बजे पाठ समापन के बाद श्रीश्याम प्रभु की सामूहिक आरती उतारी गयी. श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद बांटा गया. पुष्पा देवी पोद्दार, श्रवण ढानढनिया, मुकेश मित्तल, राजेश जायसवाल आदि ने विविध सेवाओं में योगदान दिया. अध्यक्ष सुरेश सरावगी, प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, स्नेह पोद्दार मौके पर मौजूद थे. नारसरिया ने बताया कि अब शनिवार की रात एकादशी कीर्तन होगा. उन्होंने श्रद्धालुओ से इसमें भाग लेने की अपील की है.

### पारा थ्रो बॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में झारखंड चैंपियन

**रांची।** पारा थ्रो बाल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में पारा ओलंपिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड के द्वारा खेलगांव के हरिवंश टानाभगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित बीसीसीएल कप पारा थ्रो बॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दोनो वर्गों में झारखंड कि टीम चैंपियन बनी. मंगलवार को पुरूष वर्ग के फाइनल मुकाबले में झारखंड ने राजस्थान को 3-1 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया, जबकि हरियाणा को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा. फाइनल में कांटे के टक्कर देखने को मिली, झारखंड ने राजस्थान को 15-13, 15-12, 11-15 एवं 15-10 से मात दिया. बात दें महिला वर्ग में झारखंड ने राजस्थान को 2 -0 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया था.

### चतरा राइफल क्लब के 15 खिलाड़ी आसनसोल रवाना

**रांची।** चतरा राइफल क्लब के 15 निशानेबाज 8 वीं ईस्ट जोन राइफल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए आसनसोल रवाना हुए. 26 से 30 सितंबर तक आसनसोल में आयोजित प्रतियोगिता में ये खिलाड़ी भाग लेंगे. इस प्रतियोगिता में छह राज्यों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे. इस चैंपियनशिप में प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों का चयन प्री-नेशनल चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा. ये सारे खिलाड़ी कोच नीतीश कुमार के नेतृत्व में इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं. **भाग लेने वाले खिलाड़ी:** - तानु कुमारी (राइफल शूटर), पृथ्वीराज (राइफल शूटर), फरहान अख्तर (राइफल शूटर), फइक अख्तर (राइफल शूटर), उजाला सिंह (राइफल शूटर), आयुषी सिंह (राइफल शूटर), ऋषभ झा (राइफल शूटर), स्नेहा कुमारी (पिस्टल शूटर).

### नवरात्रि में मैहर स्टेशन पर ट्रेनों का अस्थाई ठहराव

**रांची।** रेल मंत्रालय द्वारा नवरात्रि मेला के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 18609/18610 रांची-लोकमान्य तिलक टर्मिनस-रांची एक्सप्रेस का जबलपुर मंडल के मैहर स्टेशन पर पांच मिनट के लिए अस्थाई ठहराव किया गया है.

आज संतान की दीर्घायु की दुआ मांगेंगी माताएं

# नहाय-खाय के साथ जीवित्पुत्रिका व्रत प्रारंभ

संवाददाता ।रांची



आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि मंगलवार को नहाय-खाय के साथ जीवितपुत्रिका व्रत प्रारंभ हो गया. सुबह-सबेरे स्नान-ध्यान कर माताओं ने नेम-निष्ठा से व्रत का संकल्प लिया. मडुआ आटे की रोटी, भात, दाल और तरकारी शुद्ध और सात्विक तरीके से पकायी. भगवान जीमूतवाहन का ध्यान धर भोग लगाया. चिल्हो-सियारिन और कौओं के नाम से भी भोग निकाला. फिर स्वयं भोजन ग्रहण कर व्रत की तैयारी में दिनभर जुटी रहीं. अर्धरात्रि के बाद सरगी की रश्म अदा की गयी. साथ ही व्रतियों का निर्जला उपवास प्रारंभ हो गया,

अब अष्टमी तिथि बुधवार को जीवित्पुत्रिका पर्व श्रद्धाभाव से मनाया जायेगा. माताएं संतान की लंबी आयु की कामना करेंगी. माना जाता है कि इस व्रत को धारण करने वाली व्रतियों की संतानें दीर्घायु होने के साथ सुखी-संपन्न होती हैं. बच्चों को मरण-दोष से मुक्ति मिलती है. रोग-शोक और दुःखो का अंत हो जाता है. इसी भाव से महिलाएं नेम-निष्ठा से निर्जला व्रत धारण कर पूजा-अर्चना करेंगी. घरो में तो पूजा-अर्चना की ही जाएगी, मंदिरों में भी महिलाएं सामूहिक पूजन कर जीमूतवाहन भगवान के श्रीचरणों में श्रद्धा अर्पित करेंगी. घर-घर विशेष पाकवान बनाएं जाएंगे. 26 सितंबर को व्रती पूजा-अर्चना कर बड़ों का आशीर्वाद प्राप्त करेंगी. पुत्र और पुत्री के गले में पूजित रक्षा सूत्र बांधेंगी. बाद में जलादि ग्रहण कर व्रत का पारण करेंगी. झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा और नेपाल आदि में यह व्रत काफी लोकप्रिय है.

**जीवित्पुत्रिका व्रत का शुभ मुहूर्त**

आचार्य अजय मिश्र ने बताया कि मंगलवार की शाम 05 :50 बजे से अष्टमी तिथि प्रारंभ हो रहा है, जो 25 सितंबर की शाम 04 :56 मिनट तक रहेगी. उदीयमान तिथि में अष्टमी तिथि मिलने से संपूर्ण दिवस पूजन किया जा सकता है. उन्होंने बताया कि व्रत का पारण गुरुवार को नवमी तिथि में किया जाना शास्त्रसम्मत रहेगा.

सीबीएसई जोनल राइफल शूटिंग

### उन्नति ने जीते एक स्वर्ण व एक कांस्य पदक



**रांची।** बिहार के अररिया स्थित आर्य मिशन स्कूल में आयोजित ईस्ट जोन सीबीएसई ज़ोनल राइफल शूटिंग चैंपियनशिप झारखंड कि उन्नति बाघवार ने एक स्वर्ण समेत दो पदक अपने नाम किया. 20 से 24 सितंबर तक आयोजित प्रतियोगिता में उन्नति बाघवार ने 19 वर्ष आयु वर्ग में 10 मीटर पीप साइट एयर राइफल में टीम स्पर्धा में अनुष्का कच्छप और श्रृष्टि प्रिया के साथ स्वर्ण पदक और व्यक्तिगत इसी वर्ग में कांस्य पदक जीता. इस जीत के साथ उन्नति ने सीबीएसई नेशनल में जगह बनाई. बता दें उन्नति रांची स्थित डीएवी हेहल की आठवीं की छात्रा है और बाघवार एकेडमी चान्हों के निदेशक अशोक बाघवार की पुत्री है. इस उपलब्धि से इसके माता-पिता, विद्यालय के खेल शिक्षक अज़ीमजी एवं साथ में प्रतियोगिता में गई शिक्षिका मौसमी बहुत खुश हैं. उन्नति कटहल मोड़ स्थित एकलव्य राइफल शूटिंग क्लब में प्रशिक्षक गोविन्दा कुमार से प्रशिक्षण लेती है.

### बैंक कर्मियों की कमी से ग्राहक सेवा पर भी प्रतिकूल प्रभाव

**रांची ।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन की प्रेस कांफ्रेंस मंगलवार को की गई. मौके पर एआईआरआरबीओएफ में राष्ट्रीय महासिचव सृजन पाल ने संबोधित करते हुए पदोन्नति नीति पर कहा कि शाखाओं में कर्मचारियों की कमी के कारण ग्राहक सेवा व व्यवसाय पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है. पदोन्नति के संबंध में ग्रामीण बैंकों में जो मौजूद दिशा निर्देश हैं वह प्रायोजित बैंकों के बराबर नहीं हैं. हमने मांग रखी है कि इसे सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के समान होना चाहिये. उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय से स्पष्ट निर्देश होने के बावजूद प्रायोजित बैंकों के अनुरूप वेतन नहीं मिल रहे हैं. जिससे अधिकारी बेहतर विकल्प की तलाश में ग्रामीण बैंकों को छोड़ते जा रहे हैं. मौके पर झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन की ओर से एसोसिएशन के अध्यक्ष अचिता चाकी, महासिचव बिकेश कुमार, कोषाध्यक्ष मिथिलेश कुमार शामिल थे.

## 33वीं सीनियर नेशनल वुशु चैंपियनशिप में झारखंड के निशांत तिर्की और कविता क्वार्टर फाइनल में

संवाददाता।रांची



उत्तराखंड के राजपुर स्थित महराणा प्रताप स्टेडियम में आयोजित 33 वीं सीनियर नेशनल वुशु चैंपियनशिप (पुरुष और महिला ) के चौथे दिन आर्मी और पुलिस के खिलाड़ियों का रहा दबदबा बनाते हुए विभिन्न वर्गो में पदको पर कब्जा जमाया. इस दौरान खिलाड़ियों ने ताऊलु और सानसाउ वर्ग की प्रतिस्पर्धा में पदको के लिए जोर आजमाइश की. वहीं झारखंड के निशांत तिर्की और कविता कुमारी ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई. चौथे दिन प्रतियोगिता में वुशु एसोसिएशन के पदाधिकारियों और खेल प्रेमियों ने अपनी उपस्थिति से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया.

**ताऊलु की प्रतिस्पर्धा के परिणाम**

**जिनगीक्वान पुरुष :** गोल्ड-शिवम भाटी -आई टी बी पी, सिल्वर -एन इनाबोआ सिंह -सी आर पी एफ, ब्रॉन्ज - हिमांशु त्यागी, एस एस सी बी.

**दाऊशु पुरुष :** गोल्ड-एम सूरज सिंह -एस एस सी बी, सिल्वर-शशि तमंग -एस एस सी बी, ब्रॉन्ज - रोहित जाधव -आल इंडिया पुलिस.

**जियांशु पुरुष :** गोल्ड-सुमित पुलामी -आल इंडिया पुलिस, सिल्वर-अंजुल नामदेव -एस एस सी बी, ब्रॉन्ज - एल नेल्सन मेतेइ -मणिपुर.

**ताईजीजिआन पुरुष :** गोल्ड-एच करनजीत शर्मा -एस एस सी बी, सिल्वर-के मोनिश सिंह -मणिपुर, ब्रॉन्ज - एल नाओखोम्बा मेतेइ -एस एस बी.

**शियांगदाओ पुरुष :** गोल्ड - शुभमनी पांडे -मध्यप्रदेश, सिल्वर-महादेव पांडे -पंजाब, ब्रॉन्ज - हरीश कुमार -एस एस बी.

**बागुआझांग महिला:** गोल्ड -ईशा मिश्रा -बिहार, सिल्वर-दिव्या चौधरी -राजस्थान, ब्रॉन्ज - एल बिजेशोरी चानू -आई टी बी पी.

**दाऊशु महिला :** गोल्ड-एन वांगसु -अरुणाचल प्रदेश, सिल्वर -जीवन विजेता - हरियाणा, ब्रॉन्ज -पद्मनी नारजरी -एस एस बी.

**जियांशु महिला :** गोल्ड-मर्सी नगाइमोंग -अरुणाचल प्रदेश, सिल्वर -तान्या जाटव -मध्यप्रदेश, ब्रॉन्ज -वाई इचानतोम्बी -मणिपुर.

**शुआंग जिआन महिला:** गोल्ड-अनुराधा दुबे -आल इंडिया पुलिस, सिल्वर -एस सुभाश्री -तमिलनाडु, ब्रॉन्ज -दिव्या चौधरी -राजस्थान.

## इंटरनेशनल फैशन इवेंट में आईआईएफटी रांची का जलवा

संवाददाता रांची



इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (आईआईएफटी) रांची के फैशन डिजाइनिंग छात्रों ने हाल ही में गुरुग्राम (गुड़गांव) में आयोजित ग्लोबल इंडिया कुट्योर वीक में अपने क्रिएटिव डिज़ाइन्स के जरिए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया. इस प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश-विदेश के जाने-माने फैशन डिज़ाइनर्स के साथ-साथ बॉलीवुड की मशहूर हस्तियों जैसे करिश्मा कपूर, उर्वशी रौतेला और नुसरत भरुचा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर इवेंट को और खास बना दिया.फैशन इवेंट में मॉडल्स के साथ-साथ देश के शीर्ष कोरियोग्राफर्स ने भी अपनी भूमिका निभाई. विशेष रूप से, राष्ट्रीय स्तर के फैशन कोरियोग्राफर प्रसाद बिदापा ने आईआईएफटी रांची के छात्रों के फैशन शो का निर्देशन किया, जिससे यह आईआईएफटी रांची के लिए एक गर्व का क्षण बन गया. आईआईएफटी रांची के छात्र-छात्राओं में जेसिका, पुनम, ऋतिका, पुतुल, शिवानी, ज़न्नत, गीता और राहुल ने अपने आकर्षक कलेक्शन को प्रस्तुत किया. इस पूरे शो में तैयार किए गए सभी आउटफिट्स आईआईएफटी रांची की फैकल्टी अनामिका सिंह और श्वेता श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में तैयार किए गए थे, जिन्होंने छात्रों को हर कदम पर मार्गदर्शित किया. इस विशेष मौके पर आईआईएफटी के विभिन्न केंद्रों के डायरेक्टर्स और ग्रुप के चेयरमैन रत्नदीप लाल भी उपस्थित थे.

## ऑल इंडिया सब जूनियर अंडर 13 बैडमिंटन रैंकिंग चैंपियनशिप 26 से

खेल संवाददाता।रांची

खेलगांव स्थित ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम में 26 सितंबर से 1 अक्टूबर तक ऑल इंडिया सब जूनियर अंडर 13 बैडमिंटन रैंकिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है. मंगलवार को रांची बैडमिंटन संघ ने प्रेस वार्ता पर प्रतियोगिता की जानकारी दी. झारखंड बैडमिंटन संघ के प्रभाकर राव, रांची जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष आरके मल्लिक, सचिव एनके डे ने मौके पर कहा कि इस प्रतियोगिता में देशभर के लगभग 400 बालक व बालिका भाग लेंगे. 26 और 27 सितंबर को प्रारंभिक मुकाबले खेले जाएंगे, जिसमें एकल मुकाबले में टॉप 32 और युगल में टॉप 16 बालक और बालिका खिलाड़ियों को मेन ड्रॉ में जगह मिलेगी. प्रतियोगिता के उद्घाटन में डीजीपी अनुराग गुप्ता और खेल विभाग के सचिव मनोज कुमार रहेंगे. वहीं प्रतियोगिता के समापन समारोह में खेल मंत्री मिथिलेश ठाकुर और मंत्री दीपिका पांडे सिंह बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगी.

**झारखंड के पांच खिलाड़ी को मिली सीधी इंट्री :** ऑल इंडिया सब जूनियर अंडर 13 प्रतियोगिता में झारखंड के 5 खिलाड़ियों को मेन ड्रॉ में सीधी इंट्री मिली. जिसमें संवित रमेश ने पॉइंट्स के आधार पर क्वालीफाई किया है. जबकि गिरिडीह के डी राजवीर, गोड्डा के प्रिंस, रांची कि वान्या खन्ना और आशिता को वाइल्ड कार्ड एंट्री मिली है. 28 सितंबर से 1 अक्टूबर तक मेन ड्रॉ का आयोजन होगा. प्रतियोगिता के आयोजन के लिए 16 ऑफिशियल्स बाहर से आ रहे हैं.

सराहनीय पहल | जिले के 300 शैक्षणिक संस्थानों को तंबाकू मुक्त घोषित किए जाने का लक्ष्य

# रांची जिले में तंबाकू मुक्त युवा अभियान का शुभारंभ

संवाददाता।रांची



रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा के निर्देशानुसार मंगलवार को सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार की अध्यक्षता में अगले 60 दिनों तक चलने वाले तंबाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 की शुरुआत हुई. इस दौरान सिविल सर्जन के सभागार में हस्ताक्षर अभियान किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में तंबाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूकता लाया जाना है. कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सिविल सर्जन रांची द्वारा बताया गया कि तंबाकू के इस्तेमाल से प्रत्येक वर्ष तकरीबन 14000 लोगों की मृत्यु हो जाती है, जो की काफी चिंता का विषय है. तंबाकू इंडस्ट्री उन इंडस्ट्री में से एक इंडस्ट्री है जो अपने ग्राहकों को मौत का सामान बेचने का काम करती है. इसकी रोकथाम हेतु भारत सरकार द्वारा कोटपा एक्ट 2003 अधिनियम बनाया गया है जिसका शक्ति से अनुपालन कराया जाना अति आवश्यक है, ताकि शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के दायरे में तंबाकू पदार्थ की बिक्री एवं इस्तेमाल में कमी लाई जा सके. तंबाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 के तहत जिले के तकरीबन 300 शैक्षणिक संस्थानों को तंबाकू मुक्त घोषित किए जाने का लक्ष्य निर्धारण किया जाना है.

जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी ने कहा की हमें तंबाकू मुक्ति केंद्र जिले के साथ-साथ प्रखंड स्तर पर भी बनाया जाना है, ताकि लोगों को तंबाकू की लत से निजात दिलाने के लिए परामर्श दिया जा सके. समय-समय पर प्रशिक्षण, कैंप, अखबार नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से भी लोगों में जागरूकता लाया जाएगा. तंबाकू के दुष्प्रभाव की रोकथाम के लिए तंबाकू रथ सिविल सर्जन रांची द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, साथ ही प्रभात फेरी सिविल सर्जन कार्यालय से फरायलाल होते हुए पुनः सिविल सर्जन कार्यालय तक राष्ट्र सेवा योजना के वालंटियर के साथ निकल गया. इस कार्यक्रम के दौरान एसीएमओ, डीआरसीएचओ, आईडीएसपी एपिडेमियोलॉजी, चिकित्सा पदाधिकारी, जिला सलाहकार तंबाकू नियंत्रण इकाई रांची एवं स्वास्थ्य पदाधिकारी, इस अवसर पर सिविल सर्जन कार्यालय के कर्मचारी पदाधिकारी , डॉक्टर एवं मारवाड़ी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के वालंटियर उपस्थित रहे.

## जिला किक बॉक्सिंग टीम राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर रही

संवाददाता।रांची



झारखंड ओपन दो दिवसीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में रांची की टीम ने 21 से 22 सितंबर तक धनबाद के गोविंदपुर स्थित केके पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में आयोजित राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान बनाने में सफल हुए. इस अवसर पर रांची जिला किक बॉक्सिंग के अध्यक्ष विनय सिन्हा दीपू ने सभी खिलाड़ियों और कोच को बधाई दिया और सम्मानित करने की घोषणा किया. उन्होंने कहा कि हमारे खिलाड़ियों का लगातार प्रदर्शन लगातार बेहतर होता जा रहा है, राज्यस्तरीय और राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं. प्रतियोगिता में महासचिव गुलाम जावेद रैफरी रहे. टीम कोच कमल किशोर कच्छप मैनेजर सिंटू कुमार थे. रांची जिला परिणाम इस प्रकार रहा, 25 वर्ष सीनियर वूमेन 50 कि ग्रा में काजल कुमारी काष्या पदक,कोमल सलोनी लकड़ा 13 वर्ष 49 कि ग्रा में स्वर्ण पदक,रिधिमा 13 वर्ष 35 कि ग्रा में रजत पदक,रजनी कुमारी 23 वर्ष सीनियर महिला में रजत पदक, मनी कुमारी 16 वर्ष 36 कि ग्रा में रजत पदक, आयुष कुमार 14 वर्ष 75 कि ग्रा में स्वर्ण पदक अनुज कुमार 16 वर्ष 60 कि ग्रा में रजत पदक प्रिंस राज ताना भगत 13 वर्ष 33 किग्रा में स्वर्ण पदक रोहित उरांव 17 वर्ष 59 किग्रा में कांस्य पदक फैजल अंसारी 11वर्ष 33 किग्रा में रजत पदक रूपेश कुमार महतो 16 वर्ष 53 किग्रा में कांस्य पदक उमेर अराफात 16 वर्ष 55 किग्रा में स्वर्ण पदक याद राज कश्यप 12 वर्ष 50 किग्रा में कांस्य पदक प्राप्त किए.

### दूसरी पार्टियों के नेताओं की नजर जयराम महतो की पार्टी पर, कई पार्टी के नेताओं ने खरीद कर रखा है जेकेएलएम का चुनावी फॉर्म

# राजनीति : झामुमो व भाजपा के मौसमी नेताओं को लुभा रहा जेएलकेएम का फॉर्म

अमित सिन्हा। धनबाद

- विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटे हैं मौसमी नेता
- खुद की पार्टी से चुनाव का टिकट मिलने की उम्मीद कम



चुनाव लड़ने के इच्छुक नेता जिन्हें अपनी पार्टी पर पूरी तरह यह भरोसा नहीं है कि पार्टी उन्हें आगामी विधानसभा चुनाव में टिकट देगी, वैसे नेताओं का भरोसा जेएलकेएम पर बनता जा रहा है. पार्टी सूत्रों के अनुसार, झारखंड मुक्ति मोर्चा के कुछ नेताओं ने जेएलकेएम का फॉर्म खरीदा है. इनमें निरसा, सिंदरी, टुंडी और बाघमारा के नेता सबसे आगे हैं.

हालांकि, झामुमो के नेताओं ने फॉर्म खरीदने की बात को काफी गुप्त रखा है. इसके बावजूद पार्टी के भीतर कानाफूसी शुरू हो गई है.जयराम महतो की पार्टी जेएलकेएम ने विधानसभा चुनाव में हर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की इच्छा रखनेवाले नेताओं के लिए फॉर्म निर्गत किया है. जिसे भर कर पांच हजार की राशि के साथ जमा कराना है. यह फॉर्म किसी भी पार्टी के नेता ले सकते हैं.

**संशय में हैं निरसा और सिंदरी के झामुमो नेता :** निरसा और सिंदरी विधानसभा में मासस का जनाधार काफी मजबूत है. मासस के भाकपा माले में विलय के बाद से दोनों विधानसभा के झामुमो नेता अपनी राजनीतिक भविष्य को लेकर संशय में है. भाकपा माले के गठबंधन में शामिल होने की वजह से झामुमो नेताओं को लग रहा है कि निरसा और सिंदरी विधानसभा की सीटें गठबंधन के तहत लाल हाथों में चली जाएगी. ऐसे में उनका अस्तित्व क्या होगा?

## निरसा के एक कद्दावर झामुमो नेता ने फॉर्म खरीदा, पर साधे हुए हैं चुप्पी

निरसा विधानसभा में झामुमो के एक कद्दावर नेता ने जेएलकेएम का फॉर्म पहले ही खरीद कर रख लिया है. सूत्रों की मानें, तो अगर निरसा से झामुमो उन्हें टिकट नहीं देती है, तो वह जेएलकेएम के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे. वहीं सिंदरी विधानसभा के एक नेता ने भी अपनी पत्नी के नाम पर जेएलकेएम का फॉर्म खरीद कर रखा है. वैसे तो वह सिंदरी विधानसभा के पुराने नेता हैं, लेकिन कुछ दिनों तक पार्टी से अलग अपना राग अलाप रहे थे. इधर उन्हें पार्टी ने सम्मान तो दिया, लेकिन टिकट मिलने की संभावना काफी कम है. ऐसे में झामुमो नेता ने अपनी अलग पंक्ति बनाने की चाहत में पत्नी को ढाल बना लिया है.

### टुंडी व बाघमारा के नेताओं ने भी लिया है जेएलकेएम का फॉर्म

टुंडी के एक झामुमो नेता, कोयले की कमाई से स्वयंभू लोकप्रिय बन बैठे हैं. अब उनकी लालसा हैं कि पार्टी उन्हें टुंडी विधानसभा से टिकट दे. टुंडी से पार्टी का सीटिंग विधायक होने के कारण उन्हें टिकट मिलने की उम्मीद नहीं है. इसलिए उन्होंने भी जेएलकेएम का फॉर्म खरीद रखा है. वैसे इनका ज्यादा समय बाघमारा में ही गुजरता है. इधर, धनबाद विधानसभा के भी एक नेता ने फॉर्म खरीद कर बस्ते में रख लिया है. पार्टी ने उन्हें बोलने का काम दिया है, लेकिन वह अब लड़ना चाहते हैं. इसी प्रकार बाघमारा के एक झामुमो नेता ने भी बाघमारा से चुनाव लड़ने की मंशा लेकर फॉर्म खरीदा है.

**भाजपा के नेता भी फॉर्म खरीदने में पीछे नहीं हैं**

टुंडी और बाघमारा विधानसभा के भाजपा नेताओं ने भी जेएलकेएम का फॉर्म खरीद कर रख लिया है. जेएलकेएम का टिकट देने का अंतिम निर्णय तो पार्टी सुप्रीमो जयराम महतो का होगा, लेकिन जेएलकेएम का फॉर्म खरीदने में भाजपा व झामुमो दोनों पार्टी के नेता आगे हैं.

## ब्रीफ खबरें

### वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बुढ़मू।** ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के पतरातू गांव निवासी वसीम अंसारी को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. जानकारी के अनुसार गिरफ्तार युवक के विरुद्ध न्यायालय से वारंट निर्गत था. थाना प्रभारी विनित कुमार ने बताया कि पतरातू गांव में हुए मारपीट में वसीम अंसारी नामजद अभियुक्त था.

### कार्यकर्ता सम्मेलन का किया आयोजन

**सिल्ली/मुरी।** बिसरिया पंचायत में झामुमो ने कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन पंचायत अध्यक्ष अरूण यादव की अध्यक्षता में हुआ. इसमें 29 सितंबर को कुटाममें बिसरिया पंचायत स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन करने का निर्णय लिया गया. इसमें मुख्य अतिथि रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम एवं विशिष्ट अतिथि सिल्ली प्रभारी सह रांची जिला उपाध्यक्ष रामानंद बेदिया उपस्थित रहेंगे.

### सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति की बैठक संपन्न

**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली प्रखंड के राधिका मैदान में मंगलवार के दिन दुर्गा पूजा को लेकर सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति की ओर से बैठक का आयोजन किया गया. दुर्गा पूजा को भव्य तरीके और हर्षोल्लास के साथ मनाने को लेकर विचार विमर्श किया. सर्वसम्मति से अनुरूमा मॉडल स्कूल के संचालक रमन साहू को अध्यक्ष के रूप में चुना गया.

### भुवालटोली में आजसू पार्टी की बैठक हुई

**नामकुम।** प्रखंड की सिलवे पंचायत अंतर्गत भुवालटोली में आजसू पार्टी की बैठक आशा टोप्पो के अध्यक्षता में की गई. मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने कहा कि ये 30-35 घरों में बसे ग्रामीण विकास के अभाव की जिंदगी जीने को मजबूर हैं. न हीं शुद्ध पीने को पानी न हीं चलने को रोड है. ग्रामीणों ने कहा कि रोड नहीं तो इस बार वोट नहीं.

### जितिया पूजा में माताओं ने किया निर्जला व्रत

**सिल्ली/मुरी।** पुत्र की दीर्घायु और कल्याण की कामना को लेकर किया जाने वाला जितिया व्रत सिल्ली मुरी समेत प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार को विधि विधान के साथ संपन्न हुआ. व्रती माताओं ने निर्जला उपवास रखकर भगवान जीमूत वाहन की विधिवत पूजा-अर्चना एवं जीवित पुत्रिका व्रत कथा का नियमानुसार श्रवण किया.

### एनएसएस दिवस पर पौधरोपण अभियान

**ओरमांझी।** मनरखन महतो बीएड कॉलेज बीआईटी मोड़ केदल ने मंगलवार को एनएसएस दिवस पर पौधरोपण अभियान चलाया. कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के अध्यक्ष मनरखन महतो व ट्रस्टी विरेन्द्रनाथ ओहदार, खुशबू सिंह, कृति काजल, निदेशक मनोज महतो, प्रबंधक मुकेश कुमार, प्रशासिका मीना कुमारी, प्राचार्य डॉ. दूधेश्वर महतो ने किया.

### उड़ान कोचिंग सेंटर की प्रवेश परीक्षा 28 को

**सिल्ली/मुरी।** गूंज परिवार द्वारा संचालित उड़ान निशुल्क कोचिंग सेंटर में सत्र 2024- 25 की प्रवेश परीक्षा आगामी 28 सितंबर को दिन 2 बजे आयोजित होगी. आवेदन की अंतिम तिथि 26 सितंबर तक है. सिल्ली कॉलेज सिल्ली, एसएस प्लस टू हाईस्कूल सोनाहातु, बालिका हाईस्कूल डोमनडीह राहें एवं प्रोजेक्ट हाईस्कूल जोन्हा में परिक्षा केंद्र बनाए गए हैं.

### मंईयां सम्मान यात्रा, रोड शो और जनसभा में कल्पना सोरेन बोलीं

# दीदी और बहनों ने फ्लॉप कर दी विपक्ष की पिक्चर

विशेष संवाददाता। गढ़वा/रांची



गढ़वा में गांडेय विधायक कल्पना सोरेन के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब.

झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान यात्रा पलामू प्रमंडल में दूसरे दिन भी जारी रही. मंगलवार को मंत्री बेबी देवी, दीपिका पांडेय सिंह, मिथिलेश ठाकुर और विधायक कल्पना सोरेन ने मां गढ़ देवी मंदिर में पूजा-अर्चना कर इस यात्रा का शुरुवात गढ़वा से की. यह यात्रा मंगलवार को गढ़वा से शुरू होकर मझियांव, हैदरनगर, हुसैनाबाद, छतरपुर, नावा मोड़, पाटन, दलित छात्रावास होते हुए डाल्टनगंज पहुंची.

इस दौरान कहीं रोड शो, तो कहीं पर जनसभा का आयोजन किया गया. गढ़वा में आयोजित एक सभा के दौरान कल्पना सोरेन ने महिलाओं से पूछा कि आप इस मंईयां सम्मान योजना से खुश हैं या नहीं. महिलाओं का जवाब सुनने के बाद उन्होंने कहा कि झारखंड में मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना हिट है. जब झारखंड की दीदी बहनों ने इसे हिट कर दिया है, तो विपक्ष को वैसे ही जवाब मिल गया है कि उनकी पिक्चर फ्लॉप है. दीदी-बहनों को महीने के हजार और साल के 12 हजार देने के लिए मुख्यमंत्री जी को बहुत धन्यवाद देना चाहती हूं. यह क्रांतिकारी सोच है. जनसभा को मंत्री बेबी देवी, दीपिका पांडेय सिंह और मिथिलेश ठाकुर ने भी संबोधित किया.

- पलामू प्रमंडल में दूसरे दिन गढ़वा से शुरू हुई मंईयां सम्मान यात्रा यात्रा

**हेमंत के जेल में कटे पांच महीने का जनता जवाब देगी :** कल्पना ने कहा कि हम आपसे और विपक्ष से पूछना चाहते हैं कि पांच महीने हेमंत सोरेन जी का कौन लाकर देगा, जो बिना कसूर के जेल में रहे.अब बारी जनता की है. जनता को इस बार जवाब देना है. बहुत लोग आपको बरगलाने के लिए आएंगे. कहेंगे कि यह योजना केंद्र की तरफ से चल रही है, लेकिन आपको दिग्भ्रमित नहीं होना है.

### केंद्र से खनिज रॉयल्टी मिली होती, तो विकास कई गुना तेज होता

कल्पना ने कहा कि झारखंड के खनिज पर केंद्र की नजर रहती है. हेमंत जी ने एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये केंद्र से मांगा है, लेकिन अभी तक पैसा नहीं मिला है. अगर ये राशि मिल जाती, तो झारखंड का विकास और कई गुना तेजी से होता. ये मंईयां सम्मान योजना हमने जब शुरुआत की, तो इनके लोगों ने पीआईएल कर दिया. झारखंड में ऐसी योजना आती है, तो पीआईएल हो जाता है और भाजपा शासित राज्यों में आता है, तो संवैधानिक हो जाता है.

### बिना किसी भेदभाव के सभी वर्ग के लिए काम कर रहे हैं हेमंत सोरेन

झामुमो गरीब गुरबा की आवाज बन कर आगे बढ़ा है. हेमंत सोरेन बिना भेदभाव किये हर वर्ग को साथ में लेकर चलते हैं. झारखंड में बहुत सारे नेता केंद्र से आ रहे हैं, लेकिन मजदूर भाइयों के लिए बात करने वाला कोई नहीं है. हेमंत जी केंद्र से हमेशा यही मांगते थे कि मनरेगा का जितना पैसा है, दिया जाए. लेकिन जब गरीब, शोषित वंचित की बात आती है, तो ये लोग सुनते नहीं है. उसके बाद हेमंत जी ने राज्य के मनरेगा मजदूरों का पैसा बढ़ाने का काम किया.

### राहे के पूर्व प्रमुख दुर्लभ सिंह मुंडा का निधन

**राहे।** प्रखंड के पूर्व प्रमुख 43 वर्षीय दुर्लभ सिंह मुंडा का आकस्मिक निधन मंगलवार को हो गया है.



2015 के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नावाडीह पंचायत से पंचायत समिति सदस्य जीतने के बाद राहे प्रखंड के प्रमुख बने थे, लेकिन 17 मई 2018 को सदस्यों के अविश्वास प्रस्ताव से प्रमुख पद से हट गए थे. पुनः 15 मार्च 2019 को 2 मत से जीतकर प्रमुख बने थे. उन्होंने आजसू पार्टी से राजनीतिक पारी शुरू की थी. निजी कारणों से आजसू से इस्तीफा देकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की थी. 2019 के विधानसभा चुनाव के दौरान पुनः आजसु पार्टी में शामिल होकर राजनीति में सक्रिय थे.

### विधायक ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**बुंडू।** अड़की प्रखंड के चूकलू ग्राम में 16 टोला की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान किरण सोए ने की. बैठक में सभापति सह तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा के समक्ष कई मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें मुख्य रूप से मंईयां सम्मान योजना से संबंधित, वृद्धा पेंशन, सर्वजन पेंशन योजना, ट्रांसफार्मर रही. हुमटा पंचायत के जाड़ेया ग्राम अंतर्गत जितवा पूजा में भी विधायक सम्मिलित हुए. साथ ही ग्रामीणों को हाथी से हो रही परेशानियों को देखते हुए डीएफओ, खूंटी से संपर्क कर जल्द समस्या का निवारण करने को कहा गया. मौके पर अड़की विधायक प्रतिनिधि मनोज मंडल, अड़की बीस सूत्री अध्यक्ष भोला लाल, प्रदीप सिंह मुंडा, पूर्व मुखिया जावरा पहान, उमेश महतो आदि उपस्थित रहे.

## न्यूज अपडेट

### पीएलएफआई के सदस्य की संदिग्ध हालात में मौत

**इटकी।** पीएलएफआई का सक्रिय सदस्य मनीष कच्छप उर्फ मंगा उरांव का रहस्यमय ढंग से मौत हो गयी. उसका शव परिजनों ने लोहरदगा जिले के न्यू राज हॉस्पिटल के स्ट्रेचर में पाया गया. उसका दाहिना हाथ केहनु के पास टूटा हुआ था. शरीर में कहीं भी खरोंच का भी निशान नहीं था. गढ़गांव शव पहुंचने की जानकारी मिलने के बाद इटकी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सशत्र बलों के साथ पहुंच कर शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेज दिया. मृतक मंगा उरांव की पत्नी दशमी उराईन ने पुलिस को अपने फर्द बयान में जानकारी दी कि अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल आया.

### बुंडू के चौराहे पर बत्ती नहीं जलती, रहता है अंधेरा

**बुंडू।** बुंडू के मेन रोड स्थित टॉवर चौक अस्पताल रोड की बत्ती पिछले एक महीने से नहीं जलती है. इसके कारण चौक के एक कोने में अंधेरा छाया है. यहां लगा सोलर लाइट और कोने की बत्ती अज्ञात कारणों से नहीं जलती है. स्वीच भी खराब है. बरसात में इस स्वीच से करेंट भी मारता है. किसी भी दिन बड़ी घटना घट सकती है. मौखिक रूप से इसकी सूचना नगर पंचायत के कर्मचारी को भी दी गयी है फिर भी इसे बनवाने में नगर पंचायत की कोई दिलचस्पी नहीं है. इस संदर्भ में लोगों ने चौक पर कोई लूटपाट की कोई घटना घटने से पूर्व इस चौक की बत्तियों को अविलंब बनवाने की मांग नगर पंचायत से की है.

### स्कॉलरशिप परीक्षा में शामिल हुए छात्र-छात्राएं

**मांडर।** भारथी एजुकेशन ट्रस्ट की ओर से बीएड, डीएलएड, जीएनएम नर्सिंग एवं डी फार्मा के लिए मंगलवार को भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के प्रत्येक विभाग में स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन किया गया. महाविद्यालय के सचिव नितिन पराशर ने कहा कि यह स्कॉलरशिप कार्यक्रम महाविद्यालय का अपना है. शैक्षणिक सचिव सह प्राचार्या दीपाली पराशर ने कहा कि परीक्षा के माध्यम से कुल 13 छात्र/छात्राओं का चयन किया जाएगा. प्रथम पुरस्कार स्वरूप 25,000 रुपये, द्वितीय स्थान पाने वाले को 20, 000 रुपये, तृतीय स्थान पाने वाले को 15,000 रुपये, चतुर्थ से आठवां स्थान पानेवाले छात्र/छात्राओं को 10,000 रुपये तथा नौवें से 13वें स्थान पाने वाले प्रति विद्यार्थी को 5,000 रुपये समंजित किये जाएंगे.

### परिवर्तन यात्रा के तहत चुटूपालु पंचायत में हुई बैठक

**ओरमांझी।** प्रखंड के पालू गांव में राज्यव्यापी परिवर्तन यात्रा के तहत चुटूपालु पंचायत का भाजपा कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक की गई. बैठक में पूर्व विधायक रामकुमार पाहन प्रभारी के रूप में उपस्थित हुए. उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि परिवर्तन यात्रा का मुख्य उद्देश्य भ्रष्टाचार और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाना है. हमें जनता के बीच जाकर उनके मुद्दों को समझना और सरकार के खिलाफ मजबूत आंदोलन खड़ा करना है. इस यात्रा के माध्यम से हम राज्य की जनता को सही जानकारी देंगे और उन्हें जागरूक करेंगे." सभी ने एक स्वर में झारखंड को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने का संकल्प लिया.

### होटलो गांव में हाथियों के झुंड ने फसल को रौंदा

**राहे।** प्रखंड के होटलो गांव में सोमवार की रात हाथियों के झुंड ने खेत में लहलहाते धान के फसल को रौंद दिया है. साल भर की मेहनत चंद मिनटों में बर्बाद हो रही है. किसान हताश हैं. किसान सोना दास, विनोद गोंझू, संजय महतो, जयदेव महतो, गोकुल दास, निरण महतो, परमेश्वर महतो, धर्मेंद्र महतो आदि की दस एकड़ जमीन में लगी धान की फसल बर्बाद हुई है. किसानों ने वन विभाग से मुआवजा की मांग की है. 40-45 की संख्या में हाथियों का झुंड बांस वन में एक सप्ताह से डेरा डाले हुए हैं. इसमें कुछ की संख्या में रेलाडीह, हुमटा, जाड़ेया , डूगली वन होते हुए होटलो जंगल में पहुंचे हैं.

### पंचायत सचिवालय में मनाया गया पोषण दिवस

**ओरमांझी।** नेवरी पंचायत सचिवालय में बुधवार को पोषण दिवस मनाया गया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य संजय कुमार महतो व विशिष्ट अतिथि के रूप में नेवरी पंचायत के उप मुखिया मजहर अंसारी शामिल हुए. महतो ने बंधन शाखा के कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि सेवा भावना से किया गया हर कार्य इंसान या संस्थान को उच्च शिखर पर पहुंचाता है. लोग स्थानीय खानपान से दूर होने और बाहरी खाद्य पदार्थों का सेवन ज्यादा करने कि वजह से बीमारियों की चपेट में आ रहा है. बाहरी खान पान से खुद क़ो और अपने परिवार के सदस्यों क़ो बचने की आवश्यकता है.

### बीएसओ के नहीं आने से ग्रामीण नाराज, नारेबाजी

**रातू।** प्रखंड दिवस होने के बाद भी मंगलवार को रातू के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के नहीं आने एवं कार्यालय में ताला बंद रहने से नाराज प्रखंड के 20 पंचायतों से अपने विभिन्न कामों के सिलसिले में आए ग्रामीणों में खासकर महिलाओं ने बीएसओ के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की. ग्रामीणों का कहना है कि हमलोग दूरदराज़ गांवों से आते हैं और दूसरे से भाड़ा मांग कर प्रखंड कार्यालय आते हैं. फिर कार्यालय में अधिकारी एवं कर्मचारी नदारद मिलते हैं तो निराशा के साथ-साथ पैसे और समय की बर्बादी होती है. मामूली कामों के लिए भी महीनों चक्कर लगाना पड़ता है.

# गिरफ्तार आरोपी की थाने में मौत, पुलिस पर गंभीर आरोप

संवाददाता। डंडई (पलामू)

> डंडई थाना कांड संख्या 59/2024 के आरोपी को सोमवार की शाम 5 :30 बजे उसके घर से गिरफ्तार किया गया था. उसे थाना में हाजत के सामनेवाले बाल मित्र कक्ष में रखा गया था. मंगलवार की सुबह जब चौकीदार शौच कराने के लिए उसे लेने गया, तो खिड़की में फांसी के फंदे में लटका देखा. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. – **नीरज कुमार, डीएसपी**

डंडई थाना में मंगलवार की सुबह एक गिरफ्तार आरोपी का शव थाना के अंदर करीब चार फीट ऊंची खिड़की में फंदे से लटकता हुआ पाया गया. पुलिस ने आरोपी बच्चा भुईयां को जरही निवासी धनंजय साहू को चाकू मारने के आरोप में सोमवार की शाम गिरफ्तार किया था. घटना की सूचना पर मुख्यालय डीएसपी नीरज कुमार, डंडई बीडीओ जागो महतो थाना पहुंचे और थाना प्रभारी जनार्दन रावत से घटना की जानकारी ली.

इधर, गिरफ्तार आरोपी के परिजनों को जैसे ही घटना की जानकारी मिली, वे लोग थाना पहुंचे. लखन भुईयां, सुकदयाल भुईयां, रंजन भुईयां, तेतर भुईयां, सुरेंद्र भुईयां, श्याम लाल भुईयां, एस कुमार भुईयां व अशोक भुईया ने थाना में विरोध प्रदर्शन किया. परिजनों की मानें, तो पुलिस ने बीते शुक्रवार की रात ही बच्चा भुईयां को पकड़ कर थाना लाया था. चार दिनों तक गिरफ्तार आरोपी को थाने में क्यों रखा, यह समझ से परे है. परिजनों का आरोप है कि पुलिस की पिटाई से बच्चा भुईयां की मौत हुई है और साक्ष्य छुपाने के लिए पुलिस फांसी लगाने की बात कह रही है.

### मांडर कॉलेज के एसआरसी ब्लॉक का शिलान्यास शिल्पी नेहा ने किया

# उच्च शिक्षा से ही विकास संभव : बंधु तिर्की

संवाददाता। मांडर



पूर्व मंत्री और झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की ने कहा है कि झारखंड में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत संरचना के तेज़ी से विकास से ही शैक्षणिक उन्नति, रोजगार सृजन और संपूर्ण क्षेत्र की आर्थिक-सामाजिक समृद्धि एकसाथ संभव है. तिर्की ने कहा कि पिछले पांच साल में इंडिया गठबंधन की सरकार ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत संरचनात्मक विकास के लिये अभूतपूर्व काम किया है.

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड के द्वारा रांची के मांडर कॉलेज में निर्माण कराये जानेवाले एसआरसी ब्लॉक का शिलान्यास मंगलवार को मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के द्वारा किया गया. उन्होंने आह्वान किया कि सभी छात्र-छात्राओं को समय की कीमत और अपनी क्षमता को हर हाल में समझना चाहिये. उन्होंने सभी से अपील की कि पढ़ाई का मिला अवसर बहुत अधिक महत्वपूर्ण है, जिसे शब्दों में नहीं बताया जा सकता. इस सुनहरे अवसर को किसी भी रूप में हल्के में लेने से सख़्त परहेज करने की जरूरत है. शिलान्यास समारोह में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिंह, मांडर कॉलेज के प्राचार्य, महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका और गैर शिक्षिकेत्तर कर्मचारियों सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे.

**पहल** राष्ट्रीय सेवा योजना का 55 वां स्थापना दिवस मनाया गया

# स्कूली बच्चों ने निकाली स्वच्छता जागरूकता रैली

सुनील कुमार गुप्ता। बेड़ो




स्वच्छता रैली में शामिल राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयक डॉ नेहा टोप्पो सहित शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं.

करमचंद भगत महाविद्यालय बेड़ो के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना का 55वां स्थापना दिवस मनाया गया. स्वच्छता पखवाड़ा के तहत छात्र-छात्राओं ने शिक्षक-शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में जागरूकता रैली निकाली. कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर प्रदीप कुमार अधिकारी के निर्देश पर रैली का नेतृत्व राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयक डॉ नेहा टोप्पो, एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी नितेश कुमार पासवान एवं पुनम कुमारी ने संयुक्त रूप से किया. इस कार्यक्रम में भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. मीना पूर्ति ने भी उल्लेखनीय भूमिका निभाई. रैली को हरी झंडी प्राचार्य ने दिखाई. रैली कॉलेज परिसर से रांची गुमला मुख्य पथ होते हुए देवी मंडप चौक, बाजार टांड़, जिला परिषद मार्केट, महावीर चौक होते हुए महादानी मैदान पहुंची, जहां लोगों को जागरूक किया गया. कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने नारा लगाया पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ, मन में रखो एक ही सपना, स्वच्छ भारत देश अपना जैसे नारे लगाते छात्र-छात्राओं का जत्था रैली की शक्ल में महादानी मैदान पहुंचे. यहां छात्र-छात्राओं ने हजारों लोगों की उपस्थिति में स्वच्छता पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया. फिर जागरूकता अभियान चलाकर छात्र-छात्राओं का समूह वापस कॉलेज लौटा. इस दौरान स्वच्छता का संकल्प भी लिया गया.

### नक्सलियों ने मनोहरपुर में बैनर-पोस्टर चिपकाया

**किरीबुरु।** भाकपा माओवादियों ने सारंडा के मनोहरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मीना बाजार क्षेत्र में बैनर व पोस्टर चिपकाया. सूचना पर मनोहरपुर पुलिस ने मंगलवार की अहले सुबह तमाम बैनर व पोस्टरों को हटाया. उल्लेखनीय है कि भाकपा माओवादी 21 सितंबर से 20 अक्टूबर तक पूरे एक महीने पार्टी का 20वां स्थापना दिवस मनाने तथा केंद्र सरकार के निर्देश में चलाये जा रहे ऑपरेशन कगार को परास्त करने के लिए जनयुद्ध को तेज करने का ऐलान किया है. इसी से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में चरणबद्ध पोस्टर व बैनर लगाये जा रहे हैं. माओवादी के कई बड़े नेता और दस्ता के हथियारबंद सदस्य अभी भी सारंडा जंगल में शरण लिए हुए हैं.

# आरटीए कार्यालय का लिपिक रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

संवाददाता। हजारीबाग

- परमिट रिनुअल के नाम पर मांगे थे 6000 रुपये, एसीबी की टीम ने की कार्रवाई



गिरफ्तार लिपिक विकास कच्छप.

भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी एसीबी ने प्रादेशिक वाहन प्राधिकार उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, कार्यालय के लिपिक विकास कच्छप को 6,000 रुपये घूस लेते हुए गिरफ्तार किया है. एसीबी की यह कार्रवाई विजय बस के मालिक राजकुमार उर्फ बबलू की शिकायत पर हुई है. बबलू ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसकी बस के परमिट का रिनुअल होना है. इसके लिए संबंधित लिपिक छह हजार रुपये की मांग कर रहे हैं.

शिकायतकर्ता ने यह भी बताया था कि उसकी बस देवघर-रांची मार्ग पर चलती है. कार्रवाई के संबंध में एसीबी के एसपी आरिफ अनवर ने बताया कि शिकायतकर्ता के आवेदन के सत्यापन के क्रम में प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार कार्यालय हजारीबाग में कार्यरत लिपिक विकास कच्छप द्वारा परमिट रिनुअल करने के एवज में आवेदक से रिश्वत मांगने की बात की पुष्टि हुई. इसके बाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हजारीबाग की ट्रैप टीम ने मंगलवार की दोपहर लिपिक विकास कच्छप को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया.

